## एक नजर में

### कांग्रेस सेवादल का अनोखा प्रदर्शन... मनाया 'विकास का जन्मदिन'



**महू.** नगर के सबसे व्यस्त और प्रमुख मार्गों में से एक श्याम विलास चौराहे की बदहाली को लेकर राजनीति गरमा गई है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही और बदहाल सड़कों के विरोध में महू नगर कांग्रेस सेवादल ने एक अनूठा प्रदर्शन किया. सेवादल के कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर एकत्रित होकर प्रशासनिक अनदेखी और भाजपा के विकास का जन्मदिन मनाकर अपना विरोध दर्ज कराया. कांग्रेस सेवादल के नगर अध्यक्ष नरेश जोशी ने बताया कि श्याम विलास चौराहा कभी अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता था, लेकिन पीएचई विभाग की कार्यप्रणाली के कारण अब यह हादसों का केंद्र बन चुका है. पिछले वर्ष विभाग ने यहाँ पानी की पाइपलाइन का लीकेज ठीक करने का दावा किया था, लेकिन महज 15 दिन बाद ही स्थिति फिर वैसी ही हो गई. विभाग ने लीकेज ठीक करने के बजाय चौराहे के बीचो-बीच बड़े-बड़े बोल्डर डाल दिए हैं. इससे चौराहे की सुंदरता तो नष्ट हुई ही है, यातायात भी बुरी तरह बाधित हो रहा है. यहां से रोजाना स्कूली बच्चों की बसें, यात्री बसें, नगर सेवा और अन्य भारी वाहन गुजरते हैं. लगातार बहते पानी के कारण यहाँ हर समय किसी बड़ी जनहानि या दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है. विरोध प्रदर्शन के दौरान महू नगर कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष मुन्नालाल पहलवान, मीडिया प्रभारी शुभम जैन, महामंत्री पिंटू डीडवानिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेन झंझट, चिमनलाल पाल, मनमोहन कौशल, खालिद कुरैशी, इकबाल, असद मसूद और अमन परदेसी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली




**महू.** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशाल नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. यह रैली राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवाओं और समाज को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई. महाविद्यालय के बिरसा मुंडा भवन से शुरू हुई यह रैली डॉ. बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय तक गई और वापस महाविद्यालय परिसर स्थित स्व. भेरूलाल पाटीदार की प्रतिमा के पास आकर संपन्न हुई. रैली में विद्यार्थियों ने जोशपूर्ण तरीके से नशा मुक्ति के नारे और स्लोगन लगाते हुए जन-जागरूकता का संदेश दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. एसजी स्वामी ने स्वयंसेवकों को नशे के सामाजिक और शारीरिक दुष्प्रभावों से अवगत कराया और इससे दूर रहने का आग्रह किया. मुख्य मार्गदर्शक व जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने इस राष्ट्रीय अभियान में युवाओं की भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया. वहीं डॉ. मदन वास्कले ने भी विद्यार्थियों को समाज में इस जागरूकता को और आगे फैलाने के लिए प्रेरित किया. रैली की रूपरेखा स्वयंसेवक राघव वर्मा, रितेश वसुनिया और कुमारी नंदनी वसुनिया द्वारा तैयार की गई थी. संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तरुण गर्ग ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. आरती कमेडिया ने माना. इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र कोचले, डॉ. मनोज कुमार नागर, डॉ. जगदीश कन्नौज, डॉ. हुसन सिंह सोलंकी एवं डॉ. अलावा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

# हजरत इमाम हुसैन की याद में निकला अकीदत का समूह

- मोहर्रम पर कांटाफोड़ में गूंजा या हुसैन... या हुसैन
- गंगा-जमुनी तहज़ीब और भाईचारे की मिसाल बनी परंपरा



**कांटाफोड़।** नगर में मोहर्रम का पर्व गहरी धार्मिक आस्था, अकीदत और आपसी भाईचारे के माहौल में मनाया गया। हज़रत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में निकले ताज़िया जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। पूरे नगर में या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं, जबकि पारंपरिक अखाड़ों के खिलाड़ियों ने अपने हैरतअंगेज करतबों और अनुशासित प्रदर्शन से जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया। जुलूस के दौरान नगर का वातावरण पूरी तरह मातमी रंग में रंगा नजर आया।

नगर के विभिन्न मोहल्लों से ताज़िए पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ निर्धारित मार्गों से निकाले गए। जुलूस में शामिल अखाड़ों के उस्तादो-युवाओं ने लाठी, तलवार और अन्य पारंपरिक खेल-कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए मार्गों पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जगह-जगह सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा शरबत, पानी और अन्य शीतल पेय की व्यवस्था कर लोगों का स्वागत किया गया।

> जामा मस्जिद कांटाफोड़ के मुफ्ती साहब ने कहा कि पैग़म्बर-ए-इस्लाम के नवासों ने कैद, प्यास और बेड़ियों जैसी असहनीय तकलीफें सहकर भी इस्लाम की हिफाजत की और इंसानियत के लिए अमिट मिसाल कायम की। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर परिषद की टीम भी साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में मुस्तैदी से जुटी रही, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। मोहर्रम के इस अवसर पर कांटाफोड़ में गंगा-जमुनी तहज़ीब, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की प्रेरणादायी तस्वीर देखने को मिली। विभिन्न समाजों के लोगों ने जुलूस का स्वागत कर यह संदेश दिया कि विविधता में एकता ही भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है।



## संत मुनिश्री तरुणसागर महाराज के अवतरण दिवस पर वॉटर कूलर भेंट

**सोनकच्छ।** शुक्रवार को तरुण प्रभावना फाउंडेशन भारत के तत्वावधान में दिगम्बर जैन क्रांतिकारी समाधिस्थ राष्ट्रसंत मुनिश्री तरुणसागरजी महाराज का 59 वा अवतरण दिवस संपूर्ण जैन समाज द्वारा सादगी से मनाया गया। इस अवसर देशभर में कई जगह परोपकार के कार्य किये गए। इसी तारतम्य में पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य श्री 108 पुष्पदंतसागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं लघुमुनि श्री पर्वसागर जी महाराज की प्रेरणा से तरूणोत्सव पर्व 2026 के अंतर्गत गुरुभक्त परिवार द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास उत्कृष्ट विद्यालय सोनकच्छ को स्वच्छ पेयजल के लिए आरो वाटर कूलर भेंट किया गया।



## महिलाओं को जमीन और संपत्ति अधिकार के बारे में दी जानकारी

**बागली।** जन साहस संस्था द्वारा संचालित महिला भूमि एवं संपति अधिकार कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय एडवांस लेवल कम्युनिटी वॉलंटियर्स वर्कशॉप कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बागली, उदय नगर, हाटपिपल्या, सोनकच्छ, टोक खुर्द तहसील से जुड़ी 54 से अधिक महिला - सामुदायिक स्वयंसेवकों द्वारा भागीदारी की गई।

एडवोकेट मोहन पांचाल, पूनमचंद राठौर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो से आई महिला - किसानों की जमीन से जुड़ी समस्याओं जैसे- बटवारा, नामांतरण, सीमांकन, रास्ता विवाद, नक्शा बटा कन त्रुटि सुधार, वन भूमि दावे, आदि समस्या, एवं हिंदू उत्तराधिकार अधिकार संशोधन 2005 अधिनियम व, एफ आर ए एक्ट (अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 तथा नियम 2008 एवं संशोधन नियम 2012) एवं घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 एवं नियम 2006 को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और वन अधिकार दावों से जुड़ी समस्याओं को हल करने के सुझाव दिए।

# निरोधक दिवस पर नशा विरोधी जोरदार प्रहार

- बुलंद आवाज और जोश में देश की बेटियों ने हुंकार भरी
- रैली निकली, बनाई मानव श्रृंखला

**देवास।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 26 जून विश्व नशा निरोधक दिवस पर जनजागरुकता रैलियां, संगोष्ठियां, नुक्कड़ नाटकों के द्वारा नशे के विरुद्ध जन जागरण और संकल्पित करता आ रहा है, इसी कड़ी में देवास गायत्री शक्तिपीठ द्वारा 26 जून विश्व नशा निरोधक दिवस पर गायत्री शक्तिपीठ की बड़ी संख्या में देवकन्याओं एवं कार्यकर्ताओं ने नशे के विरुद्ध जोरदार प्रहार किया।

गायत्री परिवार के विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि विश्व नशा निरोधक दिवस 26 जून को प्रात: 07 बजे गायत्री शक्तिपीठ के योग प्रशिक्षक देवकरण कुमावत एवं प्रज्ञापीठ विजय नगर के ट्रस्टी ओ. पी. श्रीवास्तव के नेतृत्व में नशा मुक्ति रैली निकाली जिसमें गायत्री शक्तिपीठ की देवकन्याओं ने नशा मुक्ति नारे और गीतों से आमजन को बहुत प्रभावित किया।

सड़कों पर गूंज उठे नारे दृ गांजा, भांग, शराब, तम्बाकू ये हैं सब जीवन के डाकू, नशे को दूर भगाएंगे खुशहाली को लायेंगे, रैली में नन्हें मुन्हें बच्चों के हाथों में नशा मुक्ति की तख्तियाँ बहुत कुछ बया कर रही थी और बड़ा संदेश दे रही थी दृ मानो वे कह रहे थे षिताजी मेरे भविष्य के लिए नशा छोड़ दो ष् नशा मुक्ति रैली के साथ - साथ गजरा गियर्स चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाई जो हर किसी को प्रभावित कर रही थी एवं नशा मुक्त भारत का स्पष्ट संदेश दे रही थी।

युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने केंद्र (शांतिकुंज हरिद्वार) की जानकारी देते हुए कहा कि आज 26 जून को युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार में अंतर्राष्ट्रीय नशा उन्मूलन सेमिनार का आयोजन भी सम्पन्न हो रहा है जिसके माध्यम से पूरे विश्व को नशा मुक्त भारत पर बड़ा संदेश मिलने जा रहा है। गायत्री परिवार के युवा आइकन डॉ. चिन्मय पंड्या इस विश्व स्तरीय नशा उन्मूलन सेमिनार को संबोधित करेंगे। रैली के दौरान गायत्री परिजन लेखा राठौड़, ओ. पी. श्रीवास्तव, हजारीलाल चौहान, अरविन्द शर्मा, सुभाष जैन, विक्रमसिंह चौधरी ने भी विश्व नशा निरोधक दिवस पर अपील की कि आइए भारत को व्यसन मुक्त बनाने में आप अपनी भूमिका अग्रणी करे एवं राष्ट्र को नशा मुक्त कर विश्व गुरु बनाए।

## बेहरी में प्रधानमंत्री सड़क की ऊंचाई से परेशानी

**बागली।** दो दिन की लगातार बारिश के बाद बागली मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बेहरी में प्रधानमंत्री सड़क की ऊंचाई अधिक होने से पानी की उचित निकासी नहीं हो पा रही। नतीजन बेहरी के नर्सिंग मोहल्ले की सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया है। उक्त जल जमाव वाले मोहल्ले में ही लगी बिजली की डीपी के पास तक पानी भर जाने से करंट फैलने का खतरा पैदा हो गया था। स्थिति की गंभीरता देखते हुए पास ही रहने वाले रतन बागवान, छोटू बागवान और राहुल दांगी ने तत्काल लाइनमैन को सूचना दी। लाइनमैन ने मौके पर पहुंचकर डीपी की सप्लाई बंद करवाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

**मोहल्ले के हालात-** इस मोहल्ले की पूरी गली जलमग्न है। लोग और मवेशी 3 फीट पानी से निकलने को मजबूर हैं। जलभराव और बढ़ गया है। रोड ऊंची होने से मोहल्ले का पानी निकल नहीं पा रहा।

ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि सड़क किनारे पंचायत द्वारा नाली बनाई गई थी। जो आगे चलकर ग्रामीणों ने अतिक्रमण करतेहुए बंद कर दी गई है इससे नाली चौक होने से जल जमाव की स्थिति बनी है नाली खुलवाकर पानी निकासी का प्रयास किया जा रहा है। बिजली विभाग ने डीपी को चेक करने के बाद ही सप्लाई चालू करने की बात कही है

# वैश्य प्रीमियर लीग का समापन

- गणेश वारियर्स बना चैंपियन, उप विजेता रही देवास धुरंधर टीम

**देवास।** प्रदेश के सबसे प्रमुख तथा सक्रिय सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन द्वारा देवास में दो दिवसीय वैश्य प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 12 टीमों में से गणेश वारियर्स ने विजेता खिताब हासिल किया, जबकि देवास धुरंधर टीम उपविजेता रही।

वैश्य महासम्मेलन की युवा इकाई के प्रदेश महामंत्री गौरव गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष आलोक अग्रवाल तथा खेल सचिव वंशज जैन ने बताया कि वैश्य प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला दूधिया रोशनी में गणेश वारियर्स और देवास धुरंधर के बीच खेला गया। देवास धुरंधर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 75 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गणेश वारियर्स टीम ने बिना विकेट गंवाए जीत हासिल की। फाइनल में 25 बाल में 58 रन की धुंआधार पारी खेलने वाले वंशज जैन को मेन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। निर्लिप स्पोर्ट्स क्लब के टर्फ मैदान पर 15 रोमांचक मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में सबसे अधिक 185 रन बनाने वाले अंकित गुप्ता को बेस्ट बैट्समैन की ट्रॉफी दी गई, जबकि टूर्नामेंट में 5 विकेट लेने वाले अर्पित साबू को बेस्ट बॉलर का खिताब दिया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सत्यनारायण लाठी, राजीव खंडेलवाल, अजय गुप्ता, कैलाश डागा, दिनेश एम भूतड़ा, संजय परवाल, प्रकाश अग्रवाल, निलेश छाबड़ा, राजेंद्र जैन, सोहन अग्रवाल, सत्यनारायण संघवी, देवेंद्र बंसल, विजय जैन, भगवान गोयल, अमित माहेश्वरी आदि उपस्थित थे। इसी तरह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, अशोक सोमानी, ए यू स्मॉल फाइनेंस बैंक मैनेजर यादव और मनोज गुप्ता थे।

# पत्नी की हत्या कर सर्पदंश का रूप देने वाले पति को उम्रकैद

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** पत्नी की हत्या कर मामले को सर्पदंश से हुई मौत साबित करने का प्रयास करने वाले आरोपी पति को जिला अदालत ने दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, अदालत ने मामले में अर्थदंड भी लगाया है.

अपर सत्र न्यायाधीश हेमंतकुमार रघुवंशी की अदालत ने संचार नगर एक्सटेंशन निवासी अमितेष उर्फ शालू पटेरिया उम्र 43 साल को पत्नी शिवानी की हत्या का दोषी पाया. अभियोजन के अनुसार 1 दिसंबर 2019 को आरोपी ने घर में सो रही पत्नी का तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी थी. इसके बाद उसने शव को कोबरा सांप से कटवाकर मौत को सर्पदंश का मामला बताने का प्रयास किया.

जांच के दौरान पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि महिला की मौत सांप के काटने से नहीं, बल्कि दम घुटने से हुई थी. पुलिस विवेचना में यह भी सामने आया कि आरोपी ने वारदात को दुर्घटना दर्शाने के लिए पहले से कोबरा सांप की व्यवस्था की थी.

# अज्ञात भय और मानसिक तनाव से ग्रस्त युवक ने लगाई फांसी

- कोई मुझे मार देगा... कहकर डरता था युवक

**इंदौर.** अज्ञात भय और मानसिक तनाव से जूझ रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक अक्सर परिजनों से कहता था कि कोई उसका पीछा कर रहा है और उसे जान से मार देगा. खजराना थाना अंतर्गत देवकी नगर निवासी उक्त युवक ने गुरुवार को उसने अपने काका के सूने मकान की छत पर कपड़े सुखाने वाली रस्सी से फंदा बनाकर जान दे दी.

मृतक रजत पिता तुकाराम उम्र 28 साल निवासी देवकी नगर था. वह घर से कुछ दूरी पर स्थित अपने काका के मकान की छत पर पहुंचा और फांसी लगा ली. पड़ोसियों की नजर उस पर पड़ने के बाद परिजनों को सूचना दी गई. मां और अन्य परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे तथा रस्सी काटकर उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

मृतक के चचेरे भाई गोपी ने पुलिस को बताया कि रजत पिछले कुछ समय से गहरे मानसिक तनाव में था. वह सहमा-सहमा रहता था और बार-बार कहता था कि कोई उसका पीछा कर रहा है तथा उसे नुकसान पहुंचाना चाहता है, वह उसे मार देगा.



## नगर निगम ने की कार्रवाई, निकासी न मिली तो वीना कोचिंग पर जड़ा ताला

**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम की बड़ी कार्रवाई निकासी न होने पर वीना कोचिंग पर ताला लगाया, फायर टीम का निरीक्षण, प्रोजेक्शन ट्रेनिंग सेंटर में फायर इक्विपमेंट नहीं मिले। आयुक्त के निर्देशन में निगम की टीम ने अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव को लेकर सख्ती दिखाई है।

फायर विभाग ने शुक्रवार को शहर के कोचिंग सेंटरों की सघन जांच की। जांच में सुरक्षा मानकों की कमी पाये जाने पर सुतार बाखल स्थित वीना कोचिंग क्लासेस पर की ताला बंदी की कार्रवाई। इसी प्रकार पटवर्धन मार्ग के प्रोजेक्शन प्राइवेट लिमिटेड ट्रेनिंग सेंटर को फायर उपकरण लगाने के निर्देश दिए गए। निगम फायर अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया ने निगम की टीम के साथ दो कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण किया। इस दौरान वीना कोचिंग क्लासेस, सुतार बाखल तलघर, प्रथम और द्वितीय तल पर कोचिंग चल रही है।

## अलग-अलग हादसों में विवाहिता सहित तीन की मौत

**इंदौर.** शहर में अलग-अलग घटनाओं में एक विवाहिता सहित तीन लोगों की मौत हो गई. बाणगंगा थाना क्षेत्र के कुम्हार खाड़ी में रहने वाली ज्योति पति दीपक उम्र 20 साल की पहली मंजिल की बालकनी से गिरने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई, परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसे लंबे समय से मिर्गी के दौरे आते थे और वह इलाज के लिए मायके में रह रही थी. वहीं राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के एबी रोड स्थित तेजपुर गड़बड़ी पुलिया के पास डंपर की टक्कर से बाइक सवार मांगीलाल खुडे उम्र 40 साल निवासी घनघोर नगर गंभीर रूप से घायल हो गए थे. अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया. उधर सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र के नॉर्थ तोड़ा निवासी जितेंद्र पिता तोलाराम उम्र 45 साल ने जहर खा लिया.

# देवास में रोलर स्केटिंग और रोलबॉल संघ की संयुक्त बैठक, खेल विकास पर किया मंथन

**देवास। सेंट्रल मालवा परिसर, भोपाल रोड स्थित परिसर में शुक्रवार को देवास जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन एवं देवास जिला रोलबॉल एसोसिएशन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों संघों के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और प्रशिक्षकों ने भाग लेकर खेलों के विकास, संगठनात्मक मजबूती और खिलाड़ियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।**

बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अनवर खान ने की। उन्होंने खेलों के बेहतर संचालन, खिलाड़ियों को अधिक अवसर उपलब्ध कराने और संघ की गतिविधियों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्निंग एक्ट-2025 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य खेल संघों में पारदर्शिता, जवाबदेही और बेहतर प्रशासन सुनिश्चित करना है। साथ ही अधिनियम के तहत खेल संघों की कार्यप्रणाली, नियमों और दायित्वों की भी जानकारी दी गई।

बैठक में रोलर स्केटिंग एवं रोलबॉल खेलों के नियमों, प्रशिक्षण व्यवस्था और आगामी प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। प्रशिक्षकों ने खेलों के प्रचार-प्रसार, नई प्रतिभाओं को आगे लाने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपने सुझाव रखे। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और सदस्यों ने जिले में रोलर स्केटिंग एवं रोलबॉल खेलों के समग्र विकास तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में सुनील कुमार मालवीय, तन्मय मेहता, सुमित शर्मा, उदय भावसार, शैलेन्द्र चंदवंशी, उर्वशी मंडलोई, दिशा सेन, हरिप्रिया यादव, हिमांशु शर्मा, जतिन लोट, सक्षम सिकरवार, शीतल चौधरी, माही मेहता, तनिष मोदी और तेजस ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्णाहुति के साथ चण्डी महायज्ञ का पारायण

**देवास।** चामुण्डा टेकरी पर 20 जून से चल रहे माँ चामुण्डा प्रकटोत्सव एवं चण्डी महायज्ञ का समापन 26 जून को हुआ। समिति अध्यक्ष अशोक नाथ पुजारी ने बताया कि अभिजीत मुहूर्त में यज्ञाचार्य पं. सुभाष रावल एवं वैदिक पंडितों ने यज्ञ पूर्णाहूति करवाई गई। इस अवसर पर विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित हुए और उपस्थितजनों के साथ आहूतियां अर्पित की। पूर्णाहूति के पश्चात परिक्रमा मार्ग पर निकली कलश यात्रा में बडी संख्या में महिला पुरूषों ने भाग लिया। बारिश में भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ वे बारिश में भी माता के जयकारे लगाते हुए कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। इसके पश्चात पुजारी परिवार एवं जनसहयोग से भंडारा आयोजित किया गया, समिति द्वारा भक्तों के लिये वाटर प्रूफ टेंट लगाया गया भंडारे में हजारों भक्तों ने माता का महाप्रसाद ग्रहण किया, भंडारा देर रात तक चलता रहा। समिति अध्यक्ष अध्यक्ष अशोक पुजारी ने समिति सदस्यों के साथ देव स्थान प्रबंध समिति, निगम प्रशासन, पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## स्क्रैप दुकान से दो भरी गैस टंकियां चोरी

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक स्क्रैप दुकान से भारत गैस की दो भरी हुई टंकियां चोरी होने का मामला सामने आया है. चोर दुकान संचालक के कुछ देर के लिए पीछे जाने का फायदा उठाकर टंकियां लेकर फरार हो गया. पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. सुपर सिटी सिंगापुर टाउनशिप निवासी अभिषेक पिता सौभाग्य सिंह चौकसे ने शिकायत दर्ज कराई है. अभिषेक ने बताया कि उनके घर के नीचे स्क्रैप की दुकान है, जहां भारत गैस की दो भरी हुई टंकियां रखी थीं. घटना के समय वह करीब 15 मिनट के लिए दुकान के पीछे गया था, लौटने पर दोनों टंकियां गायब मिलीं. सीसीटीवी फुटेज में एक युवक एक्सेस स्कूटी नम्बर एमपी 09 जेडजे 2286 पर दोनों टंकियां ले जाते हुए दिखाई दिया है.

## एक नजर

बड़े साहब को कंधा देने से पहले लगी दौड़, डबडबाई जायरीनों की आंखें

# सोनकच्छ में 400 वर्ष से अधिक पुरानी सवारी निकली

**सोनकच्छ।** नगर में यौमे आशुरा के दिन मोहर्रम पर जुलूस निकला। स्थानीय चबूतरे से इमाम हुसैन की सवारी को कंधा देने बड़ी तादाद में हजारों जायरीन जमा हुए थे। तड़के फजर की नमाज के बाद चमन बाजार स्थित हुसैनी चौक पर बड़े साहब के यहां जियारत का दौर शुरू हुआ। शुक्रवार को दोपहर पौने दो बजे एक आकाशीय गोला छोड़ा गया। यही वह संकेत था कि सवारियों को उठाने के लिए हुसैनी लश्कर दौड़ कर आने वाला है। रास्ता खाली कर दिया जाए। यहां 400 से अधिक साल पहले से सवारी निकल रही है।



**कंधा देने वाले जायरीनों के हाल छुड़ाए गए-** मालवा-निमाड़ में मशहूर इस जुलूस को देखने दूरदराज से लोग पहुंचे थे। तकिया स्थित इमामबाड़े से पौने दो बजे दौड़ शुरू हुई। सभी समाज के युवा वर्ग ने भाग लिया। सवारी के समक्ष पहुंच कर फातिहा पढ़ी। अमन चैन की दुआ की गई। सवारी को कांधा देते समय समाजजनों की आंखें छलक पड़ी। कालीसिंध नदी स्थित अलावे पहुंचे, यहां परंपरा चक्कर लगाकर हाथीथान पहुंचे। कांधा देने वाले जायरीनों के हाल छुड़ाए गए। बाद में तमाम सवारियों को इकट्ठा कर जुलूस निकाला गया। इसमें ताजिये भी शामिल थे।

करबला में इमाम हुसैन व शहीदों को किया याद-जुलूस प्रमुख मार्गों से होता हुआ करबला पहुंचा जहां पर मर्सी पढ़ इमाम हुसैन व 72 शहीदों को याद किया गया। रात में सवारी व ताजियों को लेकर कालीसिंध नदी स्थित पिपलेश्वर घाट के लिए रवाना हुए जहां पर बड़े साहब के तमाम जेवरात निकालने की रस्म हुई।

**जैसी जगह मिली, वही से किया बड़े साहब का दीदार-** सवारियों को देखने आए जायरीनों ने कहीं दीवार पर तो कहीं चार पहिया वाहनों पर खड़े होकर बड़े साहब का दीदार किया। बुजुर्गों की मानें तो बड़े साहब की सवारी करीब 400 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। जिसे देखने के लिए व मान-मन्नतों का दौर वर्षों से भारी भीड़ की शक्ल में यहां आता है।